PRABHAT KHABAR, Patna, 3.11.2020
Page No. 4, Size:(16.01)cms X (9.78)cms.

मानवाधिकार आयोग ने बिहपुर मामले को ले डीएम और एसपी से मांगी रिपोर्ट

संवाददाता ▷ पटना

- आयोग ने प्रथम दृष्टया मानवाधिकार अतिक्रमण का मामला माना
- मृतक की पारिवारिक व आर्थिक स्थिति की भी मांगी रिपोर्ट

मानवाधिकार आयोग ने भागलपुर के नवगछिया थाने के बिहपुर में पुलिस अभिरक्षा में पुलिसकर्मियों की ओर से आशुतोष पाठक से मारपीट व प्रताड़ित कर हत्या से संबंधित मामले में स्वतः संज्ञान ले लिया है. आयोग के सदस्य उज्ज्वल कुमार दुबे ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर डीएम भागलपुर और एसपी नवगछिया से 25 नवंबर से पहले घटना से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. डीएम को यह भी निर्देश दिया है कि मृतक की पारिवारिक तथा आर्थिक स्थिति का आंकलन कर आयोग को तत्काल प्रतिवेदन समर्पित किया जाये.

प्रमंडलीय आयुक्त कर रही जांच : मानवाधिकार आयोग के सदस्य उज्ज्वल कुमार दुबे ने आदेश में कहा है कि भागलपुर जिला (पुलिस जिला नवगछिया) में बिहपुर थाने में पुलिस अभिरक्षा में 30 वर्षीय आशुतोष कुमार पाठक की पुलिस अभिरक्षा में मौत गंभीर प्रकृति व प्रथम दृष्टया मानवाधिकार अतिक्रमण का मामला प्रतीत हो रहा है. आयोग द्वारा स्वप्रेरणा से प्रसंगाधीन मामले का संज्ञान लिया जा रहा है. गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने भागलपुर की प्रमंडलीय आयुक्त वंदना किनी को सात दिनों में जांच कर रिपोर्ट देने को कहा है.